# UPHESC
# AP

## Previous Year Paper

### (Agri. Economics)

### 16 Apr, 2025 Shift 1

**जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को न कहा जाय तब तक न खोलें ।**

# प्रश्न पुस्तिका

| Question Booklet Bar Code Serial No.<br>प्रश्न–पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या |
|---|
| |

**विषय कोड : 88**

**विषय : कृषि अर्थशास्त्र**

**अनुक्रमांक (अंकों में) :** | | | | | | | | |

**अनुक्रमांक (शब्दों में) :** ____________________

| अभ्यर्थी के हस्ताक्षर | | कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर | |
|---|---|---|---|

**समय : 2 घण्टे** **पूर्णांक : 200**

M

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न–पुस्तिका में दो भाग हैं । जिसके प्रथम भाग में सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित कुल **30** प्रश्न हैं ।
2. इस प्रश्न–पुस्तिका के द्वितीय भाग में वैकल्पिक विषय से सम्बन्धित कुल **70** प्रश्न हैं ।
3. इस प्रश्न–पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए चार विकल्प दिए गए हैं । इनमें से एक विकल्प को चुन लें, जिसे आप उत्तर पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगें कि एक से अधिक विकल्प सही हैं, तो उस विकल्प को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगें । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए केवल एक ही विकल्प चुनना है ।
4. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस प्रश्न–पुस्तिका की जाँच अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, कटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो ।**
5. अभ्यर्थी कक्ष निरीक्षक द्वारा निर्देश देने के उपरान्त ही प्रश्न–पुस्तिका की सील खोलें ।
6. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर उत्तर देने से पहले प्रश्न–पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।
7. उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, विषय, प्रश्न–पत्र का सही कोड, उत्तरित प्रश्नों की संख्या तथा अनुत्तरित प्रश्नों की संख्या स्वच्छतापूर्वक लिखें अन्यथा उत्तर पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
8. अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर काले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा गहरा कर दें । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में उत्तर को गलत माना जायेगा एवं उसे जाँचा नहीं जायेगा ।
9. उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) में एक बार गोला भरे जाने के बाद उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जायेगा ।
10. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) को किसी प्रकार न मोड़ें ।
11. आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर ही देने हैं । परीक्षा के उपरांत उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) कक्ष निरीक्षक को लौटा दें ।
12. यदि हिन्दी या अंग्रेजी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अन्तिम माना जाएगा ।
13. यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित साधन का प्रयोग करता है या उसका प्रयास करता है अथवा परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का व्यवधान करता है, तो वह परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा ।
14. कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जायेगा जब तक **120** मिनट (दो घण्टे) पूरे न हो गये हो ।
15. कोई भी रफ कार्य, यदि कोई हो, इस कार्य हेतु निर्धारित खाली पन्नों पर ही किया जाना चाहिये । अतिरिक्त पन्ने नहीं दिये जायेंगे ।
16. अपना अनुक्रमांक आदि लिखने के लिए तथा उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर उत्तरों को भरने के लिए केवल काले बॉल प्वाइंट पेन का प्रयोग करें ।

**जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को न कहा जाय तब तक न खोलें ।**

***Note : The English version of the instructions is printed on the last page of this Question Booklet.***

## सामान्य ज्ञान
## GENERAL KNOWLEDGE

1. भुवनेश्वर तथा पुरी के मंदिर किस शैली में निर्मित हैं ?
(A) नागर (B) द्रविड़ (C) वेसर (D) उपरोक्त में से कोई नहीं
In which style are the temples of Bhubaneshwar and Puri built ?
(A) Nagara (B) Dravidian (C) Vesara (D) None of the above

2. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।
**अभिकथन (A)** : ग्लोबल इंडिया ए.आई. शिखर सम्मेलन का आयोजन हाल ही में नई दिल्ली के भारत मंडपम में हुआ ।
**कारण (R)** : सिंगापुर, डेन्मार्क और संयुक्त राज्य अमेरिका उच्चतम रेटिंग वाले ए.आई. में से है तथा भारत का प्रदर्शन अपेक्षाकृत मजबूत है ।
नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है
Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R).
**Assertion (A)** : Global India AI Summit was recently held at Bharat Mandapam in New Delhi.
**Reason (R)** : Singapore, Denmark and United States of America are among the highest rated AI and India's performance is relatively strong.
Select the correct answer from the code given below :
**Code :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)
(C) (A) is true, but (R) is false
(D) (A) is false, but (R) is true

3. 2024 में एफ.डी.ए. द्वारा अनुमोदित कौन-सी नई दवा, अल्ज़ाइमर रोग की प्रगति को धीमा करने के लिए मस्तिष्क में एमिलॉयड प्लैक को लक्षित करती है ?
(A) एडुकानुमाब (B) किसुनला (C) लेनाकापाविर (D) लेकम्बी
Which new drug, approved by the FDA in 2024, targets amyloid plaque in the brain to slow the progression of Alzheimer's disease ?
(A) Aducanumab (B) Kisunla (C) Lenacapavir (D) Leqambi

4. किस राज्य सरकार ने देशी गाय को 'राज्य माता-गोमाता' का दर्जा दिया ?
(A) उत्तर प्रदेश (B) छत्तीसगढ़ (C) महाराष्ट्र (D) मध्य प्रदेश
Which State Government gave status of 'Rajya Mata – Gomata' to indigenous cow ?
(A) Uttar Pradesh (B) Chhattisgarh (C) Maharashtra (D) Madhya Pradesh

5. एशियन बिलियर्ड्स चैंपियनशिप 2024 आयोजित की गई
(A) रियाद में (B) तेहरान में (C) मुम्बई में (D) ढाका में
Asian Billiards Championship 2024 was organised in
(A) Riyadh (B) Tehran (C) Mumbai (D) Dhaka

6. निम्नलिखित में से कौन सबसे युवा विश्व शतरंज का विजेता है ?
(A) नैन्सी त्यागी (B) मनु भाकर (C) संजय मल्होत्रा (D) गुकेश डोम्माराजू
Who among the following is Youngest World Chess Champion ?
(A) Nancy Tyagi (B) Manu Bhaker (C) Sanjay Malhotra (D) Gukesh Dommaraju

7. निम्नलिखित में से कौन-सा शोध में प्राथमिक डेटा संग्रह की विधि नहीं है ?
(A) साक्षात्कार (B) सर्वेक्षण (C) साहित्य समीक्षा (D) अवलोकन
Which of the following is not a method of primary data collection in research ?
(A) Interviews (B) Surveys (C) Literature review (D) Observations

8. शिक्षण में प्रायोजना विधि का जन्मदाता किसे माना जाता है ?
(A) जॉन डीवी (B) विलियम हर्ड किलपैट्रिक
(C) प्रो. आर्मस्ट्राँग (D) सुकरात
Who is considered to be the originator of the project method in teaching ?
(A) John Dewey (B) William Heard Kilpatrick
(C) Prof. Armstrong (D) Socrates

9. प्राथमिक आँकड़ों के एकत्रीकरण की विधियाँ हैं
a. केस अध्ययन विधि
b. डाक प्रश्नावली विधि
c. ऑनलाइन स्रोत
d. अनुसूची
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :
(A) केवल b, c, d (B) केवल a, b, d (C) केवल a, c, d (D) केवल a, b, c
Methods of collection of primary data are
a. Case study method
b. Mail questionnaire method
c. Online resources
d. Schedule
Choose the correct answer from the options given below :
(A) Only b, c, d (B) Only a, b, d (C) Only a, c, d (D) Only a, b, c

10. निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षण में प्रारूपात्मक मूल्यांकन की विशेषता नहीं है ?
(A) सीखने में सुधार के लिए सतत प्रतिक्रिया प्रदान करना
(B) पाठ्यक्रम के अंत में ग्रेड प्रदान करने के लिये आयोजित किया जाता है
(C) छात्रों को उनकी ताकत और कमजोरियों की पहचान में मदद करता है
(D) प्रशिक्षकों को सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों के बारे में सूचित करता है
Which of the following is not a characteristic of formative assessment in teaching ?
(A) Provides ongoing feedback to improve learning
(B) Conducted at the end of a course to assign grades
(C) Helps students to identify their strengths and weakness
(D) Informs instructors about areas needing improvements

11. निम्नलिखित में से कौन-सी शोध की विधि नहीं है ?
(A) दार्शनिक (B) ऐतिहासिक (C) सर्वेक्षण (D) अवलोकन
Which of the following is not a method of research ?
(A) Philosophical (B) Historical (C) Survey (D) Observation

12. निम्नलिखित में से कौन-सा अशाब्दिक सम्प्रेषण का प्रकार नहीं हैं ?
(A) वाणी संकेत (B) लिखित सम्प्रेषण
(C) चक्षु सम्पर्क (D) स्पर्शनीय सम्पर्क
Which of the following is not a type of non-verbal communication ?
(A) Voice signal (B) Written communication
(C) Eye contact (D) Tactile contact

13. निम्नलिखित में से किस संस्था ने वर्ष 2005 में ई–ज्ञानकोश की शुरुवात की ?
(A) आई.आई.टी. कानपुर
(B) इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
(C) इलाहाबाद विश्वविद्यालय
(D) दिल्ली विश्वविद्यालय

Which of the following institutions launched e-Gyankosh in the year 2005 ?
(A) IIT Kanpur
(B) Indira Gandhi National Open University
(C) Allahabad University
(D) Delhi University

14. सार्वजनिक वाई–फाई का उपयोग करते समय, सुरक्षा बढ़ाने के लिए अनुशंसित अभ्यास क्या है ?
(A) बिना किसी प्रतिबंध के संवेदनशील खातों तक पहुचें
(B) अपने कनेक्शन को एन्क्रिप्ट करने के लिए वी.पी.एन. का उपयोग करें
(C) सभी सुरक्षा समायोजन अक्षम करें
(D) दूसरों के साथ अपना कनेक्शन साझा करें

When using public Wi-Fi, what is a recommended practice to enhance security ?
(A) Access sensitive account without any restriction
(B) Use a VPN to encrypt your connection
(C) Disable all security settings
(D) Share your connection with others

15. नेटवर्किंग में 'वी.पी.एन.' का क्या अर्थ है ?
(A) वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क
(B) वर्चुअल पब्लिक नेटवर्क
(C) वेरिएबल प्राइवेट नेटवर्क
(D) वेरिफाइड प्राइवेट नेटवर्क

What does 'VPN' stand for in networking ?
(A) Virtual Private Network
(B) Virtual Public Network
(C) Variable Private Network
(D) Verified Private Network

16. भारत में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम कब पारित हुआ ?
(A) 1972 में (B) 1968 में (C) 1980 में (D) 1986 में

When was the Wildlife Protection Act passed in India ?
(A) 1972 (B) 1968 (C) 1980 (D) 1986

17. निम्नलिखित में से कौन–सी गैस ग्रीनहाऊस प्रभाव नहीं डालती है ?
(A) कार्बन डाईऑक्साइड (B) कार्बन मोनोऑक्साइड (C) मीथेन (D) नाइट्रस ऑक्साइड

Which of the following gases does not cause greenhouse effect ?
(A) Carbon dioxide (B) Carbon monoxide (C) Methane (D) Nitrous oxide

18. वायुमंडल में ग्रीनहाऊस गैसों की बढ़ती प्रचुरता के निम्नलिखित संभावित प्रभाव हैं, के अतिरिक्त
(A) $CO_2$ फर्टिलाइज़ेशन (B) ग्लोबल वार्मिंग (C) ओज़ोन क्षरण (D) जैवविविधता में वृद्धि

The increasing abundance of greenhouse gases in the atmosphere has the following possible affects, except
(A) $CO_2$ fertilization (B) Global warming (C) Ozone depletion (D) Increase in biodiversity

19. निम्नलिखित में से कौन–सा एक भारत का कृत्रिम बन्दरगाह है ?
(A) कोचीन (B) चेन्नई (C) मुम्बई (D) काण्डला

Which one of the following is an artificial port of India ?
(A) Cochin (B) Chennai (C) Mumbai (D) Kandla

20. भारत के किस राज्य में सबसे अधिक बॉक्साइट का उत्पादन होता है ?
(A) झारखंड (B) कर्नाटक (C) ओड़िसा (D) छत्तीसगढ़

Which State of India is the largest producer of Bauxite ?
(A) Jharkhand (B) Karnataka (C) Odisha (D) Chhattisgarh

21. शीत ऋतु में तमिलनाडु में होने वाली वर्षा का प्रकार क्या है ?
(A) पर्वतीय (B) प्रति चक्रवातीय (C) संवहनीय (D) चक्रवातीय
What is the type of rainfall that occurs in Tamil Nadu during winter season ?
(A) Mountainous (B) Anti cyclonic (C) Convectional (D) Cyclonic

22. 'आत्मीय सभा' की स्थापना किसने की ?
(A) स्वामी विवेकानन्द (B) राजा राम मोहन राय
(C) स्वामी दयानन्द सरस्वती (D) राधा कान्त देव
Who founded the 'Atmiya Sabha' ?
(A) Swami Vivekananda (B) Raja Ram Mohan Roy
(C) Swami Dayananda Saraswati (D) Radha Kant Dev

23. निम्नलिखित में से किसे 1938 में सुभाष चन्द्र बोस के त्यागपत्र देने के पश्चात भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अध्यक्ष चुना गया ?
(A) वल्लभभाई पटेल (B) जवाहरलाल नेहरू (C) एनी बेसेंट (D) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
Who among the following was elected as President of the Indian National Congress after Subhash Chandra Bose resigned in 1938 ?
(A) Vallabhbhai Patel (B) Jawaharlal Nehru (C) Annie Besant (D) Dr. Rajendra Prasad

24. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I (प्रवर्तक)** | **सूची – II (आंदोलन)** |
|---|---|
| a. बाल गंगाधर तिलक | I. खिलाफत आंदोलन |
| b. शौकत अली | II. 1857 विद्रोह |
| c. महात्मा गाँधी | III. स्वदेशी आंदोलन (1905 से 1907) |
| d. बहादुर शाह | IV. असहयोग आंदोलन |

**कूट :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | III | IV | II | I |
| (B) | II | I | III | IV |
| (C) | III | I | IV | II |
| (D) | II | IV | III | I |

Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below the lists :

| **List – I (Originator)** | **List – II (Movement)** |
|---|---|
| a. Bal Gangadhar Tilak | I. Khilafat Movement |
| b. Shaukat Ali | II. 1857 Revolt |
| c. Mahatma Gandhi | III. Swadeshi Movement (1905 to 1907) |
| d. Bahadur Shah | IV. Non-Cooperation Movement |

**Code :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | III | IV | II | I |
| (B) | II | I | III | IV |
| (C) | III | I | IV | II |
| (D) | II | IV | III | I |

25. चुनाव आयोग के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?
(A) यह एक स्थायी निकाय है जिसे विघटित नहीं किया जा सकता ।
(B) इसकी नियुक्ति प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है ।
(C) इसके पास उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित करने का अधिकार है ।
(D) यह केवल चुनाव अवधि के दौरान संचालित होता है ।

Which of the following statements about the Election Commission is true ?
(A) It is a permanent body that can not be dissolved.
(B) It is appointed by the Prime Minister.
(C) It has the authority to disqualify the candidates.
(D) It only operates during election period.

26. संसदीय शासन व्यवस्था में
(A) कार्यपालिका, विधायिका के प्रति उत्तरदायी है
(B) विधायिका, कार्यपालिका के प्रति उत्तरदायी है
(C) न्यायपालिका, विधायिका के प्रति उत्तरदायी है
(D) कार्यपालिका, न्यायपालिका के प्रति उत्तरदायी है

In Parliamentary form of Government
(A) Executive is responsible to legislature
(B) Legislature is responsible to executive
(C) Judiciary is responsible to legislature
(D) Executive is responsible to judiciary

27. संसद के किस सदन के सदस्यों से प्राक्कलन समिति गठित की जाती है ?
a. लोक सभा
b. राज्य सभा
c. दोनों सदनों के सदस्यों से
d. राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत सदस्यों से

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल a (B) केवल a और b
(C) केवल d (D) केवल a, b और d

The Estimates Committee is constituted from the members of which House of Parliament ?
a. Lok Sabha
b. Rajya Sabha
c. From members of both Houses
d. From members nominated by the President

Choose the correct answer from the options given below :

(A) Only a (B) Only a and b
(C) Only d (D) Only a, b and d

28. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. एडम स्मिथ | I. द वेल्थ ऑफ नेशन्स |
| b. थॉमस माल्थस | II. द थियोरी ऑफ इकोनामिक ग्रोथ |
| c. डब्ल्यू.ए. लेविस | III. इम्पीरियलिज्म एण्ड अनइक्वल डेवलपमेंट |
| d. समीर अमीन | IV. एस्से ऑन द प्रिंसिपल्स ऑफ पॉप्युलेशन |

**कूट :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | II | III | IV | I |
| (B) | I | IV | II | III |
| (C) | I | III | II | IV |
| (D) | I | IV | III | II |

Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below the lists :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Adam Smith | I. The Wealth of Nations |
| b. Thomas Malthus | II. The Theory of Economic Growth |
| c. W.A. Lewis | III. Imperialism and Unequal Development |
| d. Samir Amin | IV. Essay on the Principles of Population |

**Code :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | II | III | IV | I |
| (B) | I | IV | II | III |
| (C) | I | III | II | IV |
| (D) | I | IV | III | II |

29. केन्द्रीय बजट 2025 – 26 में किस राज्य में 'मखाना बोर्ड' को गठित करने का प्रस्ताव दिया गया है ?

(A) जम्मू और कश्मीर
(B) बिहार
(C) उत्तर प्रदेश
(D) आन्ध्र प्रदेश

In Union Budget 2025 – 26, 'Makhana Board' is proposed to be set up in the State of

(A) Jammu and Kashmir
(B) Bihar
(C) Uttar Pradesh
(D) Andhra Pradesh

30. केन्द्रीय बजट 2025 – 26 में कमाई का सबसे बड़ा स्रोत कहाँ से आने का अनुमान है ?

(A) आबकारी कर
(B) वस्तु एवं सेवा कर
(C) आय कर
(D) कस्टम्स ड्यूटी

In Union Budget 2025 – 26, the largest source of earning is estimated to come from

(A) Excise Duty
(B) Goods and Services Tax
(C) Income Tax
(D) Customs Duty

# कृषि अर्थशास्त्र
# AGRICULTURAL ECONOMICS

31. सीमांत आगम (MR), मूल्यलोच (e) एवं मूल्य (P) के बीच सम्बन्ध है
The relationship between Marginal Revenue (MR), price elasticity (e) and price (P) is

(A) $MR = P - \frac{1}{e}$
(B) $MR = \frac{P}{e-1}$
(C) $\frac{MR}{P} = \frac{e-1}{e}$
(D) $\frac{P}{MR} = \frac{e-1}{e}$

32. किन्क्ड माँग वक्र के ऊपरी भाग में माँग की मूल्य लोच अपेक्षाकृत _______ होती है ।

(A) अधिक लोचदार
(B) कम लोचदार
(C) इकाई के बराबर लोच
(D) बेलोचदार

The upper portion of the kinked demand curve is relatively

(A) More elastic
(B) Less elastic
(C) Unit elastic
(D) Inelastic

33. फिलिप्स वक्र _______ के मध्य के सम्बन्ध पर विचार करता है ।

(A) मजदूरी एवं मूल्यस्तर
(B) मूल्यस्तर एवं बेरोजगारी
(C) बेरोजगारी एवं स्फीति
(D) मजदूरी एवं अवस्फीति

The Phillips curve deals with relationship between

(A) Wages and price level
(B) Price level and unemployment
(C) Unemployment and inflation
(D) Wages and deflation

34. तरलता पाश में मुद्रा के माँग की ब्याज लोच होती है

(A) एक
(B) अनन्त
(C) शून्य
(D) शून्य एवं एक के बीच

In the liquidity trap, the interest elasticity of demand for money is

(A) Unity
(B) Infinity
(C) Zero
(D) Between zero and one

35. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. मुद्रा मरीचिका | 1. मोदिग्ल्यानी |
| b. तरलता पाश | 2. पीगू |
| c. जीवन चक्र परिकल्पना | 3. कीन्स |
| d. रैचट प्रभाव | 4. ड्यूसनबरी |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (B) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

Match List – I with List – II.

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Money illusion | 1. Modigliani |
| b. Liquidity trap | 2. Pigou |
| c. Life cycle hypothesis | 3. Keynes |
| d. Rachet effect | 4. Duesenberry |

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (B) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

36. जब वस्तु 'X' के विकल्प की कीमत कम होती है, तो 'X' वस्तु की माँग

(A) कम होगी
(B) अधिक होगी
(C) कोई परिवर्तन नहीं
(D) कुछ नहीं कहा जा सकता

When price of the substitute commodity of 'X' falls, then the demand for 'X' will

(A) Decrease
(B) Increase
(C) No change
(D) Nothing can be said

37. नवाचार या तकनीक परिवर्तन की दशा में समोत्पाद वक्र

(A) नीचे की तरफ खिसकता है
(B) ऊपर की तरफ खिसकता है
(C) क्षैतिज सीधी रेखा होता है
(D) खड़ी सीधी रेखा होता है

In case of innovation or technological change, the isoquant

(A) Shifts downward
(B) Shifts upward
(C) Becomes horizontal straight line
(D) Becomes vertical straight line

38. एक देश के भुगतान शेष में पूँजी–लेखा सम्मिलित नहीं करता है

(A) विदेशी निवेश को
(B) बाहरी सहायता को
(C) निवेश आय को
(D) अप्रवासी भारतीयों द्वारा जमा पूँजी को

Capital Account in the balance of payment of a country does not include

(A) Foreign investment
(B) External assistance
(C) Investment income
(D) NRI deposits

39. कीन्स के अनुसार, ब्याज दर में परिवर्तन _______ संरक्षित मुद्रा की मात्रा को प्रभावित नहीं करते ।

(A) लेन–देन हेतु
(B) सतर्कता हेतु
(C) दोनों (A) एवं (B) हेतु
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

According to Keynes, changes in the rate of interest do not affect the amount of money held for

(A) Transaction motive
(B) Precautionary motive
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

40. एक प्रमुख फर्म का मूल्य नेतृत्व सामान्यत: होता है

(A) एकाधिकारी प्रतियोगी फर्म में
(B) एकाधिकार फर्म में
(C) पूर्ण प्रतियोगिता में
(D) अल्पाधिकार में

Price leadership of a dominant firm is common in

(A) Monopolistic competition firm
(B) Monopoly firm
(C) Perfect competition
(D) Oligopoly

41. निम्नलिखित प्रमुख योजनाओं पर विचार करें तथा उन्हें उनके लांच के कालानुक्रमिक क्रम के अनुसार व्यवस्थित करें और सही उत्तर को दिये गये कूटों से चुनिये ।

I. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि
II. राष्ट्रीय गोकुल मिशन
III. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
IV. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना

**कूट :**

(A) II, III, I और IV
(B) II, IV, III और I
(C) III, II, IV और I
(D) I, II, III और IV

Consider the following flagship schemes and arrange them in chronological order of their launch and choose the correct one from the codes given below :

I. Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi
II. Rashtriya Gokul Mission
III. Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana
IV. Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana

**Code :**

(A) II, III, I and IV
(B) II, IV, III and I
(C) III, II, IV and I
(D) I, II, III and IV

42. वित्तीय द्वैतवाद के सिद्धान्त को किसने अग्रसारित किया ?

(A) जे. एच. बोयेक (B) बी. हिग्गिन्स (C) एच. मिंट (D) आर. एफ. हैरोड

Who put forward the theory of financial dualism ?

(A) J. H. Boeke (B) B. Higgins (C) H. Myint (D) R. F. Harrod

43. प्राय: प्रच्छन्न बेरोजगार का तात्पर्य है

(A) अधिकांश लोग बेरोजगार हो
(B) वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध न हो
(C) श्रमिक की सीमांत उत्पादकता शून्य हो
(D) श्रमिक की उत्पादकता कम हो

Disguised unemployment generally means

(A) Large number of people remaining unemployed
(B) Alternative employment is not available
(C) Marginal productivity of labour is zero
(D) Productivity of workers is low

44. नीचे दो कथन दिये गये हैं । एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को तर्क (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A) :** कम आय और आर्थिक विकासहीनता के दुश्चक्र को "निम्नस्तर संतुलन पाश" कहते हैं ।

**तर्क (R) :** ऐसी स्थिति में, जनसंख्या वृद्धि दर आय वृद्धि दर से कम होती है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है किन्तु (R) सही है ।

Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other is labelled as Reason (R).

**Assertion (A) :** The vicious circle between low level income and economic stagnation is called "low level equilibrium trap".

**Reason (R) :** Population growth rate is lower than the income growth rate in such case.

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct but (R) is not correct explanation of (A).

(C) (A) is correct but (R) is not correct.

(D) (A) is not correct but (R) is correct.

45. जीवन की भौतिक गुणवत्ता सूचकांक का आविष्कार किया गया है

(A) लॉर्ड मेघनाद देसाई के द्वारा
(B) नुर्क्स के द्वारा
(C) हिर्श्चमैन के द्वारा
(D) एम्. डी. मॉरिस के द्वारा

Physical quality of life index was invented by

(A) Lord Meghnad Desai
(B) Nurkse
(C) Hirschman
(D) M. D. Morris

46. रोस्टो के वृद्धि के सिद्धान्त का तीसरा चरण कौन-सा है ?

(A) उच्च सामूहिक उपभोग
(B) परिपक्वता की अवस्था
(C) पारम्परिक समाज
(D) प्रस्थान / उत्पतन की दशा

Which is the third stage of Rostow's theory of growth ?

(A) High mass consumption
(B) Drive to maturity
(C) Traditional society
(D) Period of take off

47. गरीबी रेखा के आकलन में प्रयुक्त एम पी सी ई का पूर्ण रूप निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(A) न्यूनतम प्रतिव्यक्ति व्यय
(B) अधिकतम प्रति व्यक्ति व्यय
(C) प्रतिव्यक्ति मासिक व्यय
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Which of the following is the full form of MPCE used in the estimation of the poverty line ?

(A) Minimum Per Capita Expenditure
(B) Maximum Per Capita Expenditure
(C) Monthly Per Capita Expenditure
(D) None of the above

48. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करें ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. लघु सिंचाई परियोजना | 1. 12,000 हे |
| b. मध्यम सिंचाई परियोजना | 2. 1,800 हे |
| c. वृहत् सिंचाई परियोजना | 3. 9,000 हे |

**कूट :**

| | a | b | c |
|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 |
| (B) | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 2 | 3 | 1 |
| (D) | 3 | 2 | 1 |

Match List – I with List – II.

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Minor Irrigation Project | 1. 12,000 ha |
| b. Medium Irrigation Project | 2. 1,800 ha |
| c. Major Irrigation Project | 3. 9,000 ha |

**Code :**

| | a | b | c |
|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 |
| (B) | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 2 | 3 | 1 |
| (D) | 3 | 2 | 1 |

49. प्रतिस्पर्धात्मक लाभों का सर्वोत्तम वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है

(A) बढ़ी हुई दक्षता
(B) जो एक संगठन को अलग करता है
(C) संगठन की ताकत
(D) अमूर्त संसाधन

Competitive advantages can be best described as

(A) Increased efficiency
(B) What sets an organisation apart
(C) A strength of organisation
(D) Intangible resources

50. पर्यावरणीय कुजनेट्स वक्र की आकृति होती है

(A) S-की तरह
(B) U-की तरह
(C) पीछे मुड़ने वाला वक्र
(D) उल्टा 'U' की तरह

Environmental Kuznet's curve is

(A) S-shaped
(B) U-shaped
(C) Backward bending
(D) Inverted 'U' shaped

51. निर्धनता के निम्नलिखित मापों में से कौन–सा माप किसी देश की निर्धनता की तीव्रता को मापता है ?
(A) कुजनेट्स अनुपात
(B) जनसंख्या अनुपात
(C) गिनी गुणक
(D) वर्गित गरीबी अन्तर सूचकांक

Which of the following measures of poverty shows severity of poverty of a nation ?
(A) Kuznet's ratio
(B) Head Count Ratio (HCR)
(C) Gini coefficient
(D) Squared Poverty Gap Index (SPI)

52. तकनीक परिवर्तन के हैरोड के वर्गीकरण के अनुसार निम्नलिखित में से किस में पूँजी–उत्पादन अनुपात घटता है ?
(A) पूँजी बचत तकनीक परिवर्तन
(B) तटस्थ तकनीक परिवर्तन
(C) अधिक पूँजी उपयोगवाली तकनीक परिवर्तन
(D) हिक्स का तटस्थ तकनीक परिवर्तन

According to Harrod's classification of technological change, the Capital Output Ratio (K/O) decreases in case of
(A) Capital saving technological change
(B) Neutral technological change
(C) Capital using technological change
(D) Hick's neutral technological change

53. भारत वर्ष में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर वर्ष 2021-22 के दौरान ________ रही है ।
(A) 3.6 प्रतिशत
(B) 3.9 प्रतिशत
(C) 2.9 प्रतिशत
(D) 4.6 प्रतिशत

During the year 2021-22, the agriculture sector in India has registered a growth rate of
(A) 3.6 per cent
(B) 3.9 per cent
(C) 2.9 per cent
(D) 4.6 per cent

54. कौशल बेमेल से उत्पन्न बेरोजगारी को कहा जाता है
(A) संरचनात्मक बेरोजगारी
(B) मौसमी बेरोजगारी
(C) घर्षणात्मक बेरोजगारी
(D) चक्रीय बेरोजगारी

Unemployment resulting from the skill mismatch is known as
(A) Structural unemployment
(B) Seasonal unemployment
(C) Frictional unemployment
(D) Cyclical unemployment

55. योजना आयोग ने भारत को कितने कृषि जलवायु क्षेत्रों में चिन्हित किया है ?
How many agroclimatic zones in India are characterised by the Planning Commission of India ?
(A) 12
(B) 15
(C) 18
(D) 21

56. पर्यावरण संसाधनों का गैर उपयोग मूल्य क्या दर्शाता है ?
(A) पर्यावरणीय संसाधनों का मूल्य
(B) पर्यावरणीय संसाधनों का बाजार मूल्य
(C) प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करने के इरादे के बिना उन्हें दिया जाने वाला मूल्य
(D) वह मूल्य जो भविष्य के उपयोग के लिए पर्यावरणीय संसाधनों को व्यक्तिगत रूप से दिया जाता है

What does the non-use value of the environmental resources refers to ?
(A) The value of the environmental resources
(B) The market value of the environmental resources
(C) The value assigned to the natural resources without intending to use them
(D) The value that individual gives to the environmental resources for the future use

57. निम्नलिखित में से कौन–सा मिशन वर्ष 2008 में शुरू की गयी जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्ययोजना (NAPCC) का हिस्सा नहीं है ?

(A) राष्ट्रीय सौर मिशन
(B) टिकाऊ कृषि पर राष्ट्रीय मिशन
(C) हरित भारत के लिए राष्ट्रीय मिशन
(D) वायु प्रदूषण शमन के लिए राष्ट्रीय मिशन

Which of the following Mission is not a part of National Action Plan on Climate Change (NAPCC) launched in the year of 2008 ?

(A) National Solar Mission
(B) National Mission on Sustainable Agriculture
(C) National Mission for a Green India
(D) National Mission for Air Pollution Mitigation

58. परिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के मूल्यांकन के लिए कौन–सी अप्रत्यक्ष बाजार मूल्यांकन की एक विधि नहीं है ?

(A) ट्रैवल कार्स्ट मेथड
(B) हिडोनिक प्राइसिंग मेथड
(C) रिप्लेसमेन्ट कॉस्ट मेथड
(D) फैक्टर इनकम मेथड

Which is not a method of indirect market valuation for valuing ecosystem services ?

(A) Travel cost method
(B) Hedonic pricing method
(C) Replacement cost method
(D) Factor income method

59. मृदा संरक्षण के उपाय में सम्मिलित है

(A) कन्टूर बाँध करण
(B) नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों का वनीकरण
(C) क्षारीय एवं ऊसर भूमि का उद्धार
(D) ऊपर के सभी

Soil conservation measures include

(A) Contour bunding
(B) Afforestation of catchment areas of rivers
(C) Reclamation of alkaline and usar land
(D) All of the above

60. कृषि भूमि की कीमत निर्धारित होती है

(A) भूमिकी उत्पादकता पर
(B) भूमि की स्थिति पर
(C) खरीददारों की संख्या पर
(D) उपरोक्त सभी पर

Price of the agricultural land is determined on

(A) Productivity of land
(B) Location of land
(C) Number of the buyers in the area
(D) All of the above

61. औसत स्थिर लागत किस उत्पादन स्तर पर शून्य होगी ?

(A) शून्य स्तर पर
(B) एक इकाई स्तर पर
(C) एक हजार के स्तर पर
(D) कभी शून्य नहीं होगी

At which level of production, the average fixed cost will be zero ?

(A) At zero level
(B) At one unit
(C) At one thousand units
(D) Never be zero

62. उत्पादन की परम्परागत तीनों अवस्थाओं को कौन–सा उत्पादन फलन प्रदर्शित करता है ?

(A) रेखीय उत्पादन फलन
(B) कॉब–डगलस उत्पादन फलन
(C) मिट्सचरलिच उत्पादन फलन
(D) ट्रान्सडेन्टल उत्पादन फलन

Which production function exhibits all the three traditional stages of production function ?

(A) Linear production function
(B) Cobb-Douglas production function
(C) Mitscherlich production function
(D) Transcedental production function

63. कृषि में किस उत्पादन फलन का प्रयोग नहीं करना चाहिए ?

(A) स्पिलमैन उत्पादन फलन का
(B) रेखीय उत्पादन फलन का
(C) कॉब–डगलस उत्पादन फलन का
(D) द्विघाती उत्पादन फलन का

Which production function should not be used in agriculture ?

(A) Spillman production function
(B) Linear production function
(C) Cobb-Douglas production function
(D) Quadratic production function

64. निम्नलिखित में से कौन–सा आर्थिक सिद्धान्त एक किसान को अपने सीमित संसाधनों को दो अलग–अलग उद्यमों में आवंटित करने में मदद करता है ?

(A) परिवर्तनशील अनुपातों का नियम
(B) तुलनात्मक लाभ का नियम
(C) सम–सीमांत–प्रतिफल का नियम
(D) स्थिर और परिवर्तनशील लागत का सिद्धान्त

Which of the following economic principles helps a farmer to allocate his limited resources to two different enterprises ?

(A) Law of variable proportions
(B) Law of comparative advantages
(C) Law of equi-marginal returns
(D) Principle of fixed and variable costs

65. आर्थिक दक्षता __________ के बराबर होती है ।

(A) तकनीकी दक्षता + आवंटित दक्षता
(B) आवंटित दक्षता – तकनीकी दक्षता
(C) तकनीकी दक्षता ÷ आवंटित दक्षता
(D) तकनीकी दक्षता × आवंटित दक्षता

Economic efficiency is equal to

(A) Technical efficiency + Allocative efficiency
(B) Allocative efficiency – Technical efficiency
(C) Technical efficiency ÷ Allocative efficiency
(D) Technical efficiency × Allocative efficiency

66. यदि एक उत्पादन फलन को $Y = 50 + 5.93 X^{0.5}$ द्वारा दर्शाया जाता है तो सीमान्त उत्पाद (MP) होता है

If a production function is represented by $Y = 50 + 5.93 X^{0.5}$ then Marginal Product (MP) is

(A) $5.93 X^2$
(B) $2.965 X^{0.5}$
(C) $2.965 X^{-0.5}$
(D) $2.965 X$

67. जब सीमांत उत्पाद बढ़ता है तो कुल उत्पाद

(A) स्थिर दर से बढ़ता है
(B) घटती दर से बढ़ता है
(C) बढ़ती दर से बढ़ता है
(D) घटती दर से घटता है

When marginal product increases, total product

(A) Increases at constant rate
(B) Increases at decreasing rate
(C) Increases at increasing rate
(D) Decreases at decreasing rate

68. जब औसत उत्पाद (ए.पी.) अधिकतम होता है तो औसत परिवर्ती लागत (ए.वी.सी.) होगी

(A) अधिकतम
(B) न्यूनतम
(C) कोई परिवर्तन नहीं
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

When Average Product (AP) is maximum, then Average Variable Cost (AVC) will be

(A) Maximum
(B) Minimum
(C) No change
(D) None of the above

69. CES उत्पादन फलन में प्रतिस्थापन की लोच होती है

(A) एक (B) अनन्त (C) शून्य (D) शून्य से अनन्त

In the CES production function, the elasticity of substitution is

(A) One (B) Infinite (C) Zero (D) Zero to infinite

70. निम्न में से कौन साख के 5 C में नहीं आता ?

(A) पूँजी (B) दशा (C) क्षमता (D) सामान्य ज्ञान

Which one of the following is not considered in five 'C's of credit ?

(A) Capital (B) Condition (C) Capacity (D) Commonsense

71. मध्यवर्ती देयताओं का उदाहरण है

(A) फसल ऋण (B) पशु ऋण

(C) फल उद्यान ऋण (D) भू-विकास ऋण

The example of intermediate liabilities is

(A) Crop loan (B) Livestock loan

(C) Orchard loan (D) Land development loan

72. चालू देयता अनुपात होता है

(A) कुल चालू परिसम्पत्तियाँ/कुल चालू देयतायें (B) कुल चालू देयतायें/कुल चालू परिसम्पत्तियाँ

(C) कुल देयतायें/कुल परिसम्पत्तियाँ (D) चालू देयतायें/निज की इक्विटी

Current liability ratio is equal to

(A) Total current assets/Total current liabilities (B) Total current liabilities/Total current assets

(C) Total liabilities/Total assets (D) Current liabilities/Owner's equity

73. पर्ट को विकसित किया गया

PERT was devised in the year

(A) 1959 (B) 1960 (C) 1958 (D) 1957

74. किसी परियोजना के समग्र प्रभाव का आकलन करने के लिए निम्नलिखित में से किस प्रकार का मूल्यांकन आवश्यक है ?

(A) एक्स-पोस्ट (B) कन्करेन्ट (C) एक्स-ऐन्टी (D) मिड-कोर्स

Which of the following type of evaluation is essential to assess over all impact of a project ?

(A) Ex-post (B) Concurrent (C) Ex-ante (D) Mid-course

75. निम्नलिखित में से कौन पूँजी बजटिंग का गैर डिस्काउन्ट विधि है ?

(A) इन्टरनल रेट आफ रिटर्न (B) लाभ-लागत अनुपात

(C) नेट प्रजेन्ट वर्थ (D) पे बैक पीरिएड

Which of the following is an undiscounted method of capital budgeting ?

(A) Internal Rate of Return (IRR) (B) Benefit Cost Ratio (BCR)

(C) Net Present Worth (NPW) (D) Pay back period

76. डी.आई.आर. योजना में ब्याजदर _________ होती है ।
Rate of interest in DIR scheme is
(A) 2% (B) 3% (C) 4% (D) 8%

77. सामान्यत: किस वस्तु के लिए विक्रेय अधिशेष एवं विक्रीत अधिशेष बराबर होते हैं ?
(A) गेहूँ (B) दूध (C) आलू (D) प्याज
In general for which commodity marketable and marketed surplus are equal
(A) Wheat (B) Milk (C) Potato (D) Onion

78. वह तकनीक जो व्यापारी को मूल्य में अत्यधिक गिरावट से सुरक्षित रखती है, उसे कहते हैं
(A) भविष्य का व्यापार
(B) सट्टेबाजी
(C) हेजिंग
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं
The technique which protects the traders from extreme falls in the price is termed as ?
(A) Future trading
(B) Speculation
(C) Hedging
(D) None of the above

79. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. पूर्ण प्रतियोगिता | 1. विभेदित वस्तु |
| b. एकाधिकारी प्रतियोगिता | 2. अद्वितीय (स्थानापन्न विहीन) वस्तु |
| c. अल्पाधिकार बाजार | 3. एक रूप और विभेदित वस्तु |
| d. एकाधिकार बाजार | 4. एक रूप वस्तु |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

Match List – I with List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Perfect competition | 1. Differentiated product |
| b. Monopolistic competition | 2. Unique (with no substitutes) product |
| c. Oligopoly market | 3. Homogeneous and differentiated product |
| d. Monopoly market | 4. Homogeneous product |

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

80. आवश्यक वस्तु संशोधन अधिनियम, 2020 के अनुसार मूल्य वृद्धि की गणना का आधार है

(A) 5 वर्षों के थोक मूल्य का औसत

(B) 5 वर्षों के खुदरा मूल्य का औसत

(C) 12 महीनों का प्रचलित मूल्य

(D) (B) तथा (C) में से जो कम हो

As per the Essential Commodities Amendment Act, 2020 the calculation of price rise is done on the basis of

(A) Average wholesale price of last 5 years

(B) Average retail price of last 5 years

(C) Price prevailing immediately preceding 12 months

(D) Whichever is lower between (B) and (C)

81. आपूर्ति शृंखला प्रबंधन में धक्का दृष्टिकोण का उद्देश्य होता है

(A) वितरण लागत कम करना

(B) नये उत्पाद के विकास की लागत कम करना

(C) दोनों (A) तथा (B)

(D) उत्पाद एवं सेवा की गुणवत्ता में वृद्धि

The aim of the push approach to supply chain management is

(A) To reduce cost of distribution

(B) To reduce the cost of new product development

(C) Both (A) and (B)

(D) To enhance product and service quality

82. जब कोई फर्म या उद्योग अपने मूल्य निर्धारण, प्रचार और वितरण रणनीतियों को जोड़ता है तो उसे कहते है

(A) मार्केटिंग मिक्स (B) विपणन विभाजन

(C) बाजार आचरण (D) बाजार का प्रदर्शन

When a firm or industry combines its pricing, promotional and distribution strategies termed as

(A) Marketing mix (B) Marketing segmentation

(C) Market conduct (D) Market performance

83. E-NAM शुरु हुआ वर्ष

(A) 1986 में (B) 1991 में (C) 2016 में (D) 2018 में

Launching of E-NAM was done in the year

(A) 1986 (B) 1991 (C) 2016 (D) 2018

84. रेखीय प्रोग्रामिंग मॉडल में गैर–नकारात्मकता की मान्यता का तात्पर्य है
(A) उद्देश्य फलन में चरों का एक धनात्मक गुणांक
(B) किसी भी प्रतिबन्ध में चरों का एक धनात्मक गुणांक
(C) संसाधनों का गैर ऋणात्मक मूल्य
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Non-negativity assumption in L.P. model implies
(A) A positive coefficient of variables in the objective function
(B) A positive coefficient of variables in any constraint
(C) Non-negative values of resources
(D) None of the above

85. यदि r = 0.8 है, तो असह–संबंध गुणांक का मान होगा

If r = 0.8, coefficient of alienation will be
(A) 0.64 (B) 0.40 (C) 0.60 (D) 0.80

86. प्रतिगमन मॉडल का गलत विनिर्देशन पथ प्रदर्शित करता है
(A) प्रथम प्रकार की त्रुटि
(B) द्वितीय प्रकार की त्रुटि
(C) मल्टीकोलिनियरिटी
(D) उपरोक्त सभी

Wrong specification of regression model may lead to
(A) Type – I error
(B) Type – II error
(C) Multicollinearity
(D) All the above

87. मल्टीकोलिनियरिटी का पता लगाया जा सकता है
(A) ब्रेउश्च गॉडफ्रे टेस्ट के द्वारा
(B) फॉरर ग्लाउबेर टेस्ट के द्वारा
(C) ग्लेसर टेस्ट के द्वारा
(D) ह्वाईट टेस्ट के द्वारा

Multicollinearity can be detected by
(A) Breusch Godfrey test
(B) Farrar Glauber test
(C) Glejser test
(D) White test

88. विशेष रूप से शैडो मूल्य प्रयुक्त होता है
(A) उपभोक्ता के क्रय के निर्णय में
(B) फर्म के बिक्री के निर्णय में
(C) प्रोजेक्ट के मूल्यांकन में
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Shadow prices are particularly useful in
(A) Consumer's purchase decision
(B) Firm's sale decision
(C) Project evaluation
(D) None of the above

89. अधिकतम समस्या में एक इष्टतम हल को प्राप्त करने के लिए, सिम्प्लेक्स सारिणी Zj – Cj का मान होना चाहिए
(A) धनात्मक या शून्य
(B) ऋणात्मक या शून्य
(C) विषम मान
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

To get an optimal solution for a maximization problem, the Zj – Cj values in the simplex table should be
(A) Positive or zero
(B) Negative or zero
(C) Odd value
(D) None of the above

90. प्रतिगमन गुणांक का मान ___________ के मध्य होता है ।

The value of regression coefficients lies between

(A) $\geq 1$ (B) $-1$ to $+1$ (C) $-\infty$ to $+\infty$ (D) $-\frac{1}{2}$ to $+\frac{1}{2}$

91. लाइन–स्टाफ टकराव को दूर किया जा सकता हैं

(A) अनुकूल संगठनात्मक वातावरण के द्वारा
(B) स्टाफ कार्मियों की नियुक्ति से बचकर
(C) लाइन प्रबंधकों को अधिक जिम्मेदार बनाकर
(D) स्टाफ ओवरलाइन मैनेजर को पूरा अधिकार देकर

Line-staff conflict can be overcome by

(A) Congenial Organizational climate
(B) Avoiding appointment of staff personnel
(C) Making line managers more responsible
(D) Giving complete authority to staff over line manager

92. निम्नलिखित में से कौन–सी जानकारी स्किल इन्वेंटरी में शामिल नहीं होती हैं ?

(A) कर्मचारी का व्यक्तिगत डाटा
(B) वेतन और नौकरी का इतिहास
(C) कर्मचारी की क्षमता
(D) संगठन का प्रशिक्षण कार्यक्रम

Which of the following information is not included in skill inventory ?

(A) Employee's personal data
(B) Salary and job history
(C) Employee's potentials
(D) Organizations training schedule

93. किस प्रकार के अधिगम से प्रबन्धन विकास सम्बन्धित है ?

(A) बहु कौशल विकास से
(B) मैनुअल कौशल विकास से
(C) विशिष्ट कार्य कौशल विकास से
(D) सूची विकास से

Of which type of learning the management development is concerned ?

(A) Multi-skill development
(B) Manual skill development
(C) Specific job skill development
(D) Inventory development

94. प्रबंधकीय ग्रिड _________ द्वारा विकसित की गयी है ।

(A) ब्लेक एवं माउंटन के द्वारा
(B) डब्ल्यू. जे. रेडिन के द्वारा
(C) रेंसिस लिकर्ट के द्वारा
(D) एल्टन मेयो के द्वारा

Managerial grid has been developed by

(A) Blake and Mounton
(B) W. J. Reddin
(C) Rensis Likert
(D) Elton Mayo

95. माइकल पोर्टर ने तर्क दिया है कि एक फर्म की लाभदायकता का सबसे महत्वपूर्ण निर्धारक तत्व है

(A) घरेलू हीरे में स्थितियाँ
(B) उद्योग आकर्षण
(C) पैमाने की अर्थव्यवस्थायें
(D) सौदेबाजी की शक्ति

Michael Porter has argued the most important determinant of a firm's profitability is

(A) Conditions in the home diamond
(B) Industry attractiveness
(C) Economies of scale
(D) Bargaining power

96. निम्नलिखित में से कौन 'स्वाट' (SWOT) की सीमा नहीं है ?

(A) संगठनात्मक ताकत प्रतिस्पर्धात्मक लाभ की ओर नहीं ले जा सकती है

(B) स्वाट गतिमान लक्ष्य का एक-शॉट दृश्य देता है

(C) बाहरी वातावरण पर स्वाट का ध्यान बहुत व्यापक एवं एकीकृत है

(D) रणनीति के एकल आयाम पर स्वाट का अत्यधिक जोर होता है

Which of the following is not a limitation of 'SWOT' analysis ?

(A) Organizational strengths may not lead to competitive advantage

(B) SWOT gives a one-shot view of a moving target

(C) SWOT focuses on the external environment which is too broad and integrative

(D) SWOT over emphasises on a single dimension of strategy

97. एक उद्यमी जो एक से अधिक व्यवसायों का स्वामी है, उसे कहते है

(A) पोर्टफोलियो उद्यमी (B) इन्ट्राप्रेन्योर

(C) कार्पोरेट उद्यमी (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

An entrepreneur who is the owner of more than one business is called

(A) Portfolio entrepreneur (B) Intrapreneur

(C) Corporate entrepreneur (D) None of the above

98. नया उद्यम शुरू करने के लिए व्यवहार्यता अध्ययन का उद्देश्य है

(A) संभावित ग्राहक की खोज

(B) बिक्री का अनुमान करना

(C) यह समझने के लिए कि क्या सफलता में कोई बाधा हैं

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

The purpose of a feasibility study to start a new venture is

(A) Exploring for potential customer

(B) To estimate sales

(C) To understand if there are any barriers for success

(D) None of the above

99. निर्णय करने के सामान्य दिशा-निर्देशों को _________ कहते हैं ।

(A) परियोजना (B) प्रक्रिया (C) नीति (D) नियम

General guidelines for decision making is called

(A) Project (B) Procedure (C) Policy (D) Rules

100. उद्यमिता अति निकट रूप से संबंधित है

(A) प्रबंध से (B) आविष्कार से (C) सार्वजनिक प्रशासन से (D) नवप्रवर्तन से

Entrepreneur is most closely associated with

(A) Management (B) Inventions (C) Public administration (D) Innovations

रफ कार्य के लिए जगह

**Space for Rough Work**

DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO

[redacted]

[redacted]